Seat No. : _______________

# JM-237

**March-2013**

## Hindi : Paper - VI

## (Bhasha Vigyan)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 100**

1. भाषा-परिवर्तन के कारणों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए । **15**

**अथवा**

वागवयवों का परिचय दीजिए और उनके कार्य बताइए ।

2. रूपिम की अवधारणा स्पष्ट कीजिए और भेद बताइए । **15**

**अथवा**

अर्थ की अवधारणा स्पष्ट करते हुए शब्द और अर्थ का संबंध बताइए ।

3. मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं का परिचय देकर विशेषताएँ बताइए । **15**

**अथवा**

सुनीतिकुमार चैटर्जी द्वारा किया गया आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का वर्गीकरण बताकर उसकी विशेषताएँ बताइए ।

4. हिन्दी की उपभाषाएँ बताकर राजस्थानी की बोलियों का परिचय दीजिए । **15**

**अथवा**

हिन्दी की स्वनिम-व्यवस्था सोदाहरण समझाइए ।

5. संक्षेप में लिखिए : **20**

(क) भाषा व्यवस्था और भाषा व्यवहार ।

**अथवा**

भाषा-विज्ञान और इतिहास ।

(ख) निकटस्थ अवयव विश्लेषण ।

**अथवा**

अभिहितान्वयवाद ।

(ग) वैदिक और लौकिक में अंतर ।

**अथवा**

खड़ीबोली की विशेषताएँ ।

(घ) हिन्दी शब्द रचना में समास ।

**अथवा**

राजभाषा के रूप में हिंदी ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के सूचनानुसार उत्तर दीजिए : **20**

(अ) योग्य विकल्प पसंद करके निम्नलिखित वाक्य को पुन: लिखिए :

(1) कौन सी पद्धति भाषा विज्ञान की नहीं है ? (तुलनात्मक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक)

(2) महाभाष्य के लेखक का नाम है । (पतंजलि, आचार्य भरत, आनंदवर्धन)

(3) हिन्दी किस तरह की भाषा है ? (संयोगात्मक, वियोगात्मक, इनमें से कोई नहीं)

(4) 'आ' और 'ह' का उच्चारण कहाँ से होता है ? (स्वरयंत्रमुख, मुर्द्धा, वर्त्स)

(5) अभिहितान्वयवाद के प्रवर्तक कौन हैं ? (कुमारिल भट्ट, प्रभाकर, पतंजलि)

(6) प्राकृत भाषाएँ किससे विकसित हुई ? (वैदिक, लौकिक, पुरानी हिन्दी)

(7) गुजराती और मराठी की लिंग-व्यवस्था की एक समान विशेषता क्या है ? (दो लिंग, तीन लिंग, इनमें से कोई नहीं)

(8) 'ट' वर्ग के व्यंजन किस प्रकार के हैं ? (ओष्ठ्य, मूर्धन्य, दंत्य)

(9) भाषा का मूल रूप कौन सा है ? (मौखिक, लिखित, इनमें से कोई नहीं)

(10) भोजपुरी की उत्पत्ति किस प्राकृत से हुई हैं ? (शौरसेनी, मागधी प्राकृत, अवहरट्ठ)

(ब) 'अ' से 'ब' के योग्य जोड़ मिलाइए :

| | **अ** | | **ब** |
|---|---|---|---|
| (1) | ऐतिहासिक भाषाविज्ञान | (i) | गुर्जर अपभ्रंश । |
| (2) | यादृच्छिकता | (ii) | अनुस्वार - अनुनासिक । |
| (3) | रूपिम | (iii) | कर्नाटक । |
| (4) | संघ की लिपि | (iv) | वाक्य विज्ञान से संबंधित । |
| (5) | दक्खिनी | (v) | सूर्यास्त की दिशा/भाषा । |
| (6) | गुजराती | (vi) | कालक्रम के अनुसार अध्ययन । |
| (7) | त थ द ध । | (vii) | ऐच्छिक - माना हुआ । |
| (8) | अन्विताभिधानवाद । | (viii) | देवनागरी । |
| (9) | नासिक्य व्यंजन । | (ix) | पदग्राम - रूपग्राम । |
| (10) | लहँदा | (x) | दंत्य ध्वनियाँ । |